दिनांक 24.05.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम की तोड़फोड़ दस्ता ने अवैध निर्माण पर चलाया बुलडोजर

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम , भिलाई के आयुक्त एस 0के0 सुंदरानी के निर्देश तोड़फोड़ दस्ता की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है! आज निगम का तोड़फोड़ दस्ता , सहायक राजस्व अधिकारी , पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में जोन 04 खुर्सीपार के अंतर्गत एवं पावर हाउस जी.ई. रोड में इंण्डियन सेल्स (हीरो होण्डा) पहुंची जहां देखा गया कि उनके द्वारा ईंट एवं शीट से शेड निर्माण कर अवैध कब्जा कर लिया गया है एवं अर्जून गूलजार द्वारा सड़क/रास्ते के किनारे कब्जा कर लिया गया है जिसे तोड़फोड़ की टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए ईट एवं शीट से किये गये शेड निर्माण को जेसीबी से ढ़हा दिया गया एवं सड़क/रास्ते के किनारे किये गये कब्जे को बेदखली की कार्यवाही की गई।
आयुक्त श्री सुंदरानी द्वारा तोड़फोड़ दस्ते की टीम को निर्देश दिये गये हैं कि अवैध कब्जे पर नियमानुसार कार्यवाही करें साथ ही आम नागरिकों से अपील भी की है सक्षम अनुमति प्राप्त करने उपरांत ही निर्माण कार्य कराएं।

जनसम्पर्क अधिकारी

''जल है तो कल है'' ''जल ही जीवन है''